**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 25.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से 11 जून तक करेंगे मैराथन बैठक, आज जल संसाधन, पेयजल एवं वाणिज्य–कर विभाग के कार्यों की होगी समीक्षा।

2. हाईकोर्ट ने लैब असिस्टेंट भर्ती मामले में दिया बड़ा फैसला विज्ञापन की शर्त रद्द करते हुए कहा– वैधानिक नियमों से ऊपर नहीं हो सकतीं विज्ञापन की शर्तें।

3. राज्य सरकार ने की गांवों के पारंपरिक ज्ञान को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच दिलाने की पहल, युवाओं के लिए 'झारखंड ग्रामोत्सव इंटर्नशिप इनोवेशन योजना' शुरू।

4. पेट्रोल–डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी पर सियासी संग्राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लगाया मुनाफाखोरी का आरोप, भाजपा ने कहा– वैश्विक बाजार मूल्यों से तय होती है कीमतें।

5. हॉकी झारखंड की स्पेशल जनरल बॉडी ने राष्ट्रीय खेल अधिनियम 2025 के अनुरूप नए बायलॉज को सर्वसम्मति से दी मंजूरी।

********************

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने सभी जनजातीय समुदायों को समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखने के विशेष प्रावधान किए हैं। इसका उद्देश्य उनके अधिकारों को पूरी तरह संरक्षित रखना है। श्री शाह ने यह बात नई दिल्ली में कल जनजातीय सांस्कृतिक समागम में कही।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से 11 जून तक राज्य के विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठकों में आज जल संसाधन, पेयजल एवं वाणिज्य–कर विभाग, 26 मई को स्कूली शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग, जबकि 27 मई को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा की जाएगी।

********************

हाईकोर्ट ने लैब असिस्टेंट प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस दीपक रौशन की अदालत ने विज्ञापन की उस शर्त को रद्द कर दिया है, जिसमें स्नातक स्तर पर संबंधित विषयों को दो या तीन वर्ष तक पढ़ने की अनिवार्यता तय की गई थी। वहीं हाइकोर्ट ने राज्य के कर्मचारियों के मामले में स्पष्ट किया है कि किसी भी कर्मचारी का वेतनमान और सेवा शर्तें उसके औपचारिक नियुक्ति पत्र जारी होने की तारीख से नहीं, बल्कि उस विज्ञापन और चयन प्रक्रिया की तारीख से तय होंगी, जिसके तहत भर्ती शुरू की गयी थी।

********************

राज्य सरकार ने युवाओं के लिए 'झारखंड ग्रामोत्सव इंटर्नशिप इनोवेशन योजना' की शुरुआत की है। योजना का उद्देश्य गांवों में मौजूद पारंपरिक ज्ञान और नवाचारों को नई पहचान देना है। एक रिपोर्ट——

********************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने की अंतिम तिथि आज तक के लिये बढ़ा दी है। बोर्ड ने कहा कि छात्रों को आवेदन करने का पर्याप्त समय देने के लिए यह फैसला किया गया है। आज उत्तर पुस्तिका की आखिरी स्कैन प्रति उपलब्ध करा दिये

जाने के बाद भी पोर्टल दो दिन तक खुला रहेगा। बोर्ड ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन करने की तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने इस महीने की 28 तारीख को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी 2026 की तिथि आगे बढ़ा दी है। एनटीए ने कहा कि सरकारी अधिसूचना के अनुसार इद–उल–अजहा–बकरीद की तिथि में बदलाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना जल्दी ही दी जाएगी।

********************

केंद्र सरकार ने पिछले 11 दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की है। इसको लेकर राज्य में सियासी संग्राम जारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडे ने सरकार पर आम लोगों की अनदेखी का आरोप लगाया है––

वहीं भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दामों की वृद्धि के लिए कांग्रेस की पूर्व की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार होर्मुज पर नजर रखे हुए है, जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी––

********************

धनबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों और अस्वच्छ तरीके से खाना बेचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील के जरिए मौके पर ही स्ट्रीट फूड, मिठाई की दुकानों और होटलों के खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है–

********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शुरुआती कारोबार में लगभग एक दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स नौ सौ तिरपन अंक की उछाल के साथ छियहतर हजार तीन सौ अड़सठ जबकि निफ्टी दो सौ अड़सठ अंक बढकर 23 हजार नौ सौ सत्तासी पर कारोबार कर रहा था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

रांची में आयोजित हॉकी झारखंड की स्पेशल जनरल बॉडी की बैठक में राष्ट्रीय खेल अधिनियम 2025 के अनुरूप नए बायलॉज को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में जिला इकाइयों को महिला और पुरुष खिलाड़ियों की सूची जमा करने तथा संगठनात्मक प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

********************

जमशेदपुर में तृतीय झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग तक के प्रतिभागियों ने 12 कैटेगरी में योगासनों का प्रदर्शन किया। दिव्यांग बच्चों की 'स्टार कैटेगरी' और महिलाओं की 'मॉम्स कैटेगरी' आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन सरयू राय, आलोक मल्होत्रा और मनोज सत्यनारायण ने किया।

********************

रांची जिला कबड्डी संघ की ओर से आयोजित दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में करीब 50 बालक और बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षक प्रदीप तिर्की ने कबड्डी के महत्वपूर्ण डिफेंस कौशल "एंकल होल्ड" की तकनीक सिखाई। संघ के अनुसार, आगामी दिनों में खिलाड़ियों को विभिन्न तकनीकी कौशल और फिटनेस से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

*******समाप्त************